ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्या : ई– 7286/जी0एस0
दिनांक : 09/11/2025

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव, श्री राज्यपाल,
समस्त राज्य,
भारत।

महोदय,

उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ0प्र0) एक प्राचीन विश्वविद्यालय स्थापित है।

उपर्युक्त विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्ति सम्बन्धी प्रक्रिया वर्तमान में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में विज्ञापन संख्या : ई–7190/जी0एस0, दिनांक 06.10.2025 (प्रति संलग्न) को प्रकाशित कराया जा रहा है। मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन को समस्त प्रदेशों के विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर भी प्रकाशित कराने सम्बन्धी निर्देश दिये गये हैं।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने प्रदेशों से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर उपर्युक्त विज्ञापन को प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक :– यथोपरि।

( डॉ0 सुधीर एम. बोबडे )
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उ0प्र0।

राज भवन, लखनऊ

**भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.) के कुलपति पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में सूचना**

विज्ञापन संख्या : ई–7190 / 2025 दिनांक : अक्टूबर 06, 2025

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ0प्र0), जो कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2022 के अन्तर्गत स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति, उपर्युक्त अधिनियम की धारा–11(1) के अधीन गठित समिति के द्वारा अनुसंशित पैनल में से कुलाधिपति द्वारा की जानी प्रस्तावित है।

कुलपति का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने के दिनांक से 03 वर्ष की अवधि के लिए अथवा अपनी आयु 68 वर्ष पूर्ण करने तक, जो भी पहले हो, के लिए होगा। कुलपति के पद हेतु केवल वही व्यक्ति पात्र होगा जिसने 65 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो।

चूंकि कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होता है, इसलिये अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होनी चाहिए। अभ्यर्थी को संगीत / कला / संस्कृति के क्षेत्र में प्रख्यात शिक्षाविद होने के साथ–साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए।

कुलपति पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी राज भवन की वेबसाइट "www.upgovernor.gov.in" पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन दिनांक 07.11.2025 (शुक्रवार) तक केवल ऑनलाइन (Online) प्रेषित कर सकते है।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल,
भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर),
उत्तर प्रदेश।

RAJ BHAVAN, LUCKNOW.

## NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR APPOINTMENT OF VICE CHANCELLOR FOR BHATKHANDE SANSKRITI VISHWAVIDYALAYA, LUCKNOW (U.P.)

Advt. No. E-7190/2025 Dated : October 06, 2025

It is proposed to appoint the Vice-Chancellor for Bhatkhande Sanskriti Vishwavidyalaya, Lucknow (U.P.), established under the Bhatkhande Sanskriti Vishwavidyalaya Act, 2022 by the Chancellor, out of a panel to be recommended by a Committee appointed in terms of Section- 11(1) of the said Act.

The Vice-Chancellor shall hold office for a term of 03 years from the date on which he/she enters upon his/her office or till he/she attains the age of 68 years whichever is earlier. Only such person shall be eligible for appointment to the office of Vice Chancellor who has not attained the age of 65 years.

As the Vice Chancellor is the Principal Executive and Academic Officer of the University, he/she should have highest level of competence, integrity, morals and institutional commitment. He/She is required to have sound administrative acumen besides being a distinguished person in the field of Music/Art/Culture.

The applicant for the post of Vice-Chancellor may send his/her application **Online only** in prescribed format available on the website "**www.upgovernor.gov.in**" on or before **07.11.2025 (Friday)**.

Any application received after the prescribed date shall not be considered.

OSD to Governor,
IAS(Retd.)
(Additional Chief Secretary Level),
Uttar Pradesh.